राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के उपघटक "शहरी पथ विक्रेताओं की सहायता योजना (Support to Urban Street Vendors - SUSV)" के अन्तर्गत शहरी पथ विक्रेता प्लान (सिटी स्ट्रीट वेडिंग प्लान) तैयार किये जाने हेतु एजेन्सी के चयन के अनुमोदन हेतु सचिव नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में शासनादेश संख्या–834/69–1–14 –14(104)/2013 दिनांक 23 मई 2014 के द्वारा गठित "राज्य परियोजना स्वीकृति समिति" की दिनांक 21.08.2015 को सूडा सभागार में अपराहन 04:30 बजे आयोजित तृतीय बैठक का कार्यवृत्त

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के उपघटक शहरी पथ विक्रेताओं की सहायता योजना हेतु उल्लिखित शासनादेश के माध्यम से गठित राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक सचिव नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 21.08.2015 को आयोजित हुई, जिसमें समिति के सदस्यों और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन/सूडा उ0प्र0 के निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

1. श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, निदेशक, सूडा, उ0प्र0।
2. श्री लाल प्रताप सिंह, वित्त नियंत्रक, सूडा, उ0प्र0।
3. श्री कृपा शंकर शुक्ला, अनुसचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. श्री आर0एन0 सिंह, संयुक्त सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
5. श्रीमती अजन्ता देवी, सीनियर रिसर्च आफिसर, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. श्री आई0पी0 कनौजिया, परियोजना निदेशक, सूडा, उ0प्र0।
7. श्री अरूण कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख, हडको, लखनऊ, प्रतिनिधि भारत सरकार।
8. श्री आर0के0 श्रीवास्तव, डी0जी0एम0 हडको, लखनऊ।
9. श्री राम नरेश, अपर सांख्यिकी अधिकारी, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0।
10. डा0 कमल कुमार सिंह, परामर्शी, सूडा, उ0प्र0।
11. डा0 रश्मि गर्ग, सी0पी0ओ0, सी0एम0एम0यू0, लखनऊ।
12. श्री उमेश सिंह, परियोजना अधिकारी, डूडा, लखनऊ।
13. श्री के0पी0 सिंह, परियोजना अधिकारी, डूडा, वाराणसी।
14. श्री निधि बाजपेई, परियोजना अधिकारी, डूडा, कानपुर नगर।
15. श्री आर0के0 कौशिक, परियोजना अधिकारी, डूडा, मुजफ्फरनगर।
16. श्री के0 एन0 शुक्ला, लिपिक, सूडा उ0प्र0।

एजेन्डा बिन्दु संख्या–1

2. राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक में सर्वप्रथम मिशन निदेशक/निदेशक सूडा द्वारा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के उपघटक "शहरी पथ विक्रेताओं की सहायता योजना (Support to Urban Street Vendors - SUSV)" के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इस घटक का मुख्य उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं को उनके कार्य के लिये उपयुक्त स्थलों, संस्थागत ऋण, सामाजिक सुरक्षा और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने के साथ शहरी पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण कर उन्हें पहचान–पत्र जारी करना, शहरी पथ विक्रेता प्लान (सिटी स्टीट वेडिंग प्लान) तैयार करना, शहर में वेडिंग जोन हेतु अवस्थापना विकास हेतु विस्तृत क्रियान्वयन प्लान (डिटेल इम्प्लीमेन्टेशन प्लान) (डी0आई0पी0) तैयार करना, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, वित्तीय सहायता प्रदान करना है और सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध सहायता को पथ विक्रेताओं तक पहुँचाना है। एन.यू.एल.एम. के अंतर्गत उपलब्ध सम्पूर्ण बजट का 5 प्रतिशत तक इस घटक पर खर्च किया जा सकेगा।

एजेन्डा बिन्दु संख्या–2

3. मिशन के अन्तर्गत चयनित शहरों में शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता उपलब्ध कराने हेतु शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार किया जाना है। घटक के दिशानिर्देशानुसार सूडा के पत्रांक–3369/241/एनयूएलएम/तीन/2001(एसयूएसवी) दिनांक 01.01.2015 (संशोधन–पत्रांक – 03/241/एनयूएलएम/तीन/2001(एसयूएसवी) दिनांक 01.04.2015) द्वारा क्रियान्वयन हेतु विस्तृत दिशानिर्देश जारी किये गये हैं। सूडा के पत्रांक–687/241/NULM/तीन/2014(SUSV), दिनांक 22.05.2015 द्वारा शहरों हेतु एक मॉडल ड्राफ्ट निविदा (आर0एफ0पी0) को वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

4. उक्त दिशानिर्देशानुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु नगर निकायों द्वारा एजेन्सी का चयन निविदा जारी करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा। उक्त दिशानिर्देश के प्रस्तार 6.2.2.7 के अनुसार चयनित एजेन्सी को शहरी पथ विक्रेता प्लान (सिटी स्ट्रीट वेडिंग प्लान) तैयार करने हेतु कार्यादेश जारी करने से पहले उसके चयन को शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजनान्तर्गत गठित राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति के अनुमोदनार्थ हेतु लखनऊ, कानपुर, फिरोजाबाद, मुजफ्फरनगर एवं वाराणसी शहर का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है जोकि निम्नवत हैः–

लखनऊ शहर :

नगर आयुक्त, नगर निगम लखनऊ के पत्रांक–908/पी0डी0/डूडा/2015, दिनांक 31.07.2015 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा 3 निविदादाता तकनीकी बिड में सफल हुए, जिनकी वित्तीय निविदा खोली गई है। जिसमें प्रथम न्यूनतम निविदादाता Bio-Tech Waste Management, Pvt. Ltd., Unnao की दर ₹150/प्रति पथ विक्रेता न्यूनतम पाई गई। अतः न्यूनतम दर आधार पर Bio-Tech Waste Management, Pvt. Ltd., Unnao को शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु उक्त न्यूनतम निविदादाता की निविदा का अनुमोदन राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा किया गया है।

कानपुर शहर :

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा कानपुर शहर के पत्रांक–346/2015–16, दिनांक 14.07.2015 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा 4 निविदादाता तकनीकी बिड में सफल हुए, जिनकी वित्तीय निविदा खोली गई है। जिसमें प्रथम न्यूनतम निविदादाता Stesalit Ltd., Kolkata की दर ₹172/प्रति पथ विक्रेता न्यूनतम पाई गई। अतः न्यूनतम दर आधार पर Stesalit Ltd., Kolkata को शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु उक्त न्यूनतम निविदादाता के साथ नैगोशिएशन करने हेतु निविदा समिति को निर्देशित किया गया। यह भी निर्देशित किया गया की नैगोशिएशन के पश्चात अन्तिम दर का अनुमोदन निविदा समिति के द्वारा किया जायेगा और उसकी सूचना राज्य शहरी आजीविका मिशन, उ0प्र0 को उपलब्ध कराई जायेगी। उक्त शर्त के साथ एजेन्सी के चयन का अनुमोदन राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा किया गया है।

फिरोजाबाद शहर :

जिलाधिकारी, फिरोजाबाद के पत्रांक–228/डूडा/श0प0विक्रेता/निविदा/2015–16, दिनांक 29.07.2015 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा द्वितीय बार कृत निविदा में 1 निविदादाता तकनीकी बिड में सफल हुई, जिनकी वित्तीय निविदा खोली गई है। जिसमें न्यूनतम निविदादाता Bio-Tech Waste Management, Pvt. Ltd., Unnao की दर ₹215/प्रति पथ विक्रेता न्यूनतम पाई गई। अतः

न्यूनतम दर आधार पर Bio-Tech Waste Management, Pvt. Ltd., Unnao को शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु उक्त न्यूनतम निविदादाता की निविदा का अनुमोदन राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा किया गया है।

मुजफ्फरनगर शहर :

डूडा, मुजफ्फरनगर के पत्रांक–194/डूडा मु0नगर/2015–16, दिनांक 03.08.2015 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा 3 निविदादाता तकनीकी बिड में सफल हुए, जिनकी वित्तीय निविदा खोली गई है। जिसमें प्रथम न्यूनतम निविदादाता Skyline Archcon (Hyd), Pvt. Ltd. की दर ₹209/प्रति पथ विक्रेता न्यूनतम पाई गई। अतः न्यूनतम दर Skyline Archcon (Hyd), Pvt. Ltd. को शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु उक्त न्यूनतम निविदादाता की निविदा का अनुमोदन राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा किया गया है।

वाराणसी शहर :

नगर आयुक्त/परियोजना निदेशक, नगर निगम/डूडा वाराणसी के पत्रांक–474/डूडा/एन0यू0एल0एम0/2015–16, दिनांक 16.07.2015 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा द्वितीय बार कृत निविदा में 2 निविदादाता तकनीकी बिड में सफल हुए, जिनकी वित्तीय निविदा खोली गई है। जिसमें प्रथम न्यूनतम निविदादाता Bio-Tech Waste Management, Pvt. Ltd., Unnao की दर ₹216/प्रति पथ विक्रेता न्यूनतम पाई गई। अतः न्यूनतम दर Bio-Tech Waste Management, Pvt. Ltd., Unnao को शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु उक्त न्यूनतम निविदादाता की निविदा का अनुमोदन राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा किया गया है।

उक्त सभी शहरों हेतु अनुमोदित स्वीकृत न्यूनतम दरों के अतिरिक्त एजेन्सियों को नियमानुसार सर्विस टैक्स देय होगा। प्रथम एवं द्वितीय राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा सहारनपुर एवं मेरठ हेतु अनुमोदित एजन्सी की स्वीकृत न्यूनतम दरों के अतिरिक्त एजेन्सियों को भी नियमानुसार सर्विस टैक्स देय होगा।

समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि एजेन्सी को शीघ्र ही कार्यादेश जारी करते हुए अनुबंध किया जाये और निविदानुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु कार्यवाही प्रारम्भ की जाये।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार

(श्रीप्रकाश सिंह)
सचिव

राज्य शहरी आजीविका मिशन (सूडा), उ0प्र0
नवचेतना केन्द्र, लखनऊ

पत्रांक– 2153 /241/NULM/सीन/2001 (SUSV) दिनांक–24 /8/2015

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. संयुक्त सचिव, (यू0पी0ए0) आवास एवं शहरी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. निजी सचिव, सचिव नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।

6. निजी सचिव, सचिव नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग उ0प्र0 शासन।
7. निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0।
8. राज्य मिशन निदेशक, एस0यू0एल0एम0, सूडा उ0प्र0।
9. वित्त नियंत्रक, सूडा/राज्य शहरी आजीविका मिशन एस0यू0एल0एम0, उ0प्र0
10. क्षेत्रीय प्रमुख हडको, लखनऊ।
11. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा– लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी, फिरोजाबाद एवं मुजफ्फरनगर।
12. नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी एवं फिरोजाबाद।
13. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर ।
14. परियोजना निदेशक, सूडा, उ0प्र0।
15. सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर, शहर मिशन प्रबंधन इकाई– लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, फिरोजाबाद एवं मुजफ्फरनगर।
16. परियोजना अधिकारी, डूडा– लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी, फिरोजाबाद एवं मुजफ्फरनगर।
17. सहायक वेबमास्टर को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक